मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-555

**22/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए मॉ भगवती शीतला माता, बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी की पूजा अर्चना की

पटना, 22 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवरात्रा पर्व की महाअष्टमी के दिन अगमकुऑ स्थित शीतला माता मंदिर, पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोचार के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मॉ शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्‌टा देवी जी जाकर मॉ भगवती दुर्गा की भी पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट किया गया।

पूजा अर्चना के दौरान वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री कौशल किशोर मिश्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******